मूल्य / धर्मार्थ : 1 पैसा
(केवल बहाईयों में वितरण हेतु)

बहाई समाचारपत्र

Posted at DPSO
Delhi on 10/11.09. 2024
Sender's Address:
6, Shrimant Madhavrao Scindia Marg. New Delhi - 110 001 - INDIA
वर्ष : 60 अंक 09 प्रकाशन : प्रत्येक माह की 8 तारीख
सितम्बर 2024 बहाई वर्ष : 181

विश्व न्याय मन्दिर

एक परिपक्व, शांतिपूर्ण, न्यायप्रिय और एकसूत्रता में बंधे विश्व के निर्माण का कार्य एक विशाल उपक्रम है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति और राष्ट्र को भाग लेने में अवश्य ही सक्षम होना चाहिए। बहाई समुदाय हर किसी का स्वागत करता है कि वे इस प्रयास में एक ऐसे आध्यात्मिक उद्यम के नायक के रूप में शामिल हों जो पुरानी सामाजिक व्यवस्था को नष्ट करने वाली विघटनकारी ताकतों पर काबू पा सकता है और एक समेकित प्रक्रिया को मूर्त रूप दे सकता है, जो इसके स्थान पर एक नई व्यवस्था के प्राकट्य की ओर ले जाएगा।

—28 नवंबर, 2023

ओडिशा में आयोजित गतिविधियाँ

• ओडिशा के बहाई समुदाय के बच्चों, युवाओं और किशोरों ने 23 अगस्त, 2024 को राज्य अतिथि गृह में माननीय उपमुख्यमंत्री श्रीमती प्रवती परिदा, जिन पर महिला एवं बाल विकास विभाग का भी दायित्व है, से मुलाकात करके सार्वजनिक मामलों की गतिविधियों में भाग लिया। इस भेंटवार्ता में आगामी बच्चों और किशोरों के कार्यक्रम पर चर्चा की गई और उन्हें राज्य में बच्चों और महिला सशक्तिकरण से संबंधित चल रही शैक्षिक पहलों के बारे में जानकारी दी गई। यह बहुत ही लाभदायक भ्रमण था।

• बहाई समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल को 18 अगस्त, 2024 को होटल प्रेसीडेंसी भुवनेश्वर में 2036 और 2047 के लिए ओडिशा की परिकल्पना को आकार देने पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण परामर्श सभा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में दो कैबिनेट मंत्री, श्री पृथ्वीराज हरिचंदन, कानून, निर्माण एवं उत्पाद शुल्क मंत्री, और डॉ. कृष्ण चंद्र महापात्रा, आवास और शहरी विकास, सार्वजनिक उद्यम मंत्री, ओडिशा सरकार ने भाग लिया, दोनों को प्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया। बहाई समुदाय के प्रतिनिधियों की ओर से एक प्रस्तुति दी गई।

• ओडिशा सरकार के साथ

शेष पृष्ठ 3 पर



ओडिशा की माननीय उप–मुख्यमंत्री के साथ बहाई प्रतिनिधिमंडल



बहाई प्रतिनिधिमंडल ओडिशा के दो कैबिनेट मंत्रियों के साथ

इस अंक में

बहाई स्थानीय उपासना गृह स्थल पर नालंदा के माननीय सांसद का भ्रमण

बिहार के नालंदा जिले के सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार ने 19 जुलाई, 2024 को बिहार के बिहारशरीफ में निर्माणाधीन बहाई स्थानीय उपासना गृह के निर्माण स्थल का भ्रमण किया। इस अवसर पर एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मंच का संचालन स्थानीय आध्यात्मिक सभा हरगावां के अध्यक्ष ने किया किया। दो सामूहिक प्रार्थनाओं से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रार्थना के उपरांत माननीय सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार का स्वागत पुष्प–मालाओं से स्थानीय आध्यात्मिक सभा हरगावां, तेतरावां एवं चोरसुआ के सदस्यगणों ने मिलकर किया। साथ ही, उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस सुअवसर पर राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा की महासचिव, राज्य बहाई परिषद की सचिव, सामुदायिक संपर्क दल के सदस्य, मीडिया, स्ट्रक्चर साईट के प्रोजेक्ट मैनेजर, इंजीनियर, स्थानीय आध्यात्मिक सभा हरगावां, तेतरावां एवं चोरसुआ के लगभग 20 सदस्यगण एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

माननीय सांसद निर्माण स्थल पर आकर अत्यन्त प्रसन्न थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यहाँ पर आध्यात्मिक ज्ञान का केन्द्र बन रहा है और चार–पाँच वर्षों बाद मुझे पता चला, जिसके लिए उन्होंने खेद व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि इस उपासना गृह में प्रत्येक धर्म के लोग अपनी–अपनी तरह से ईश्वर को याद करेंगे, जिससे लोगों में आपसी प्रेम और भाईचारे का संबंध बनेगा। यहाँ देश–विदेश के लोग आएंगे इससे पर्यटन विभाग को भी लाभ होगा। भावुक मुद्रा में उन्होंने कहा कि मैं सरकार से मिलकर पक्का रोड बनाने का काम करूँगा, जिससे लोगों को उपासना गृह तक आने में कठिनाई न हो। माननीय सांसद महोदय को स्थानीय उपासना गृह से संबंधित चलचित्र भी दिखाया गया, जिससे वह अत्यधिक प्रभावित हुए और उन्होंने पूरे निर्माण स्थल को बड़ी प्रसन्नता से घूमकर देखा तथा वे विभिन्न पहलुओं पर मित्रों से जानकारियाँ प्राप्त कर रहे थे। साथ ही, मीडिया वालों ने भी उनका साक्षात्कार लिया। उन्होंने इस स्थानीय उपासना गृह पर बार–बार आने की इच्छा प्रकट की। अंत में समारोह का समापन प्रार्थना से कर अतिथियों को विदा किया गया।



बिहारशरीफ में माननीय सांसद के भ्रमण का दृश्य

दिल्ली में सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन

दिल्ली के बहाई समुदाय द्वारा 13 जुलाई, 2024 को एक सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम #OurStoryIsOne अभियान की पहली वर्षगांठ को समर्पित था, जिसमें उन दस बहाई महिलाओं को याद किया गया, ईरान में चार दशक पहले उनकी आस्था और समानता एवं न्याय के सिद्धांतों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए हत्या कर दी गई थी।



इसमें भाग लेने वाले धर्म प्रतिनिधियों में रेवरेंड कात्सु होरियुची, डॉ. फादर रॉबी कन्ननचिरा सीएमआई, आचार्य सत्येंद्र नारायण, श्रीमती इंदु जैन, रब्बी ईजेकील मकेकर, मौलाना कासमी, श्रीमती जसबीर कौर शामिल थे। विविधता में एकता और सामाजिक सामंजस्य के विषयों में उनके योगदान ने इस सभा के महत्व को अत्यधिक बढ़ा दिया।

मध्य प्रदेश की गतिविधियाँ

• मध्य प्रदेश के बानमोर क्लस्टर के कनकटपुरा गांव में 4 अगस्त, 2024 को 12 युवाओं के साथ एक दिवसीय किशोर कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें ''संख्याओं पर विचार'' नामक पुस्तक का पूर्ण रूप से अध्ययन किया गया। इस संख्याओं की गणना करना, आध्यात्मिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास को बढ़ाने के बारे में कई नई सीख प्राप्त की। किशोरों के मन में संख्याओं से संबंधित उठने वाले व्यवहारिक प्रश्नों के बारे में विस्तार से परिचर्चायें हुई और



युवा कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी

अध्ययन के दौरान किशोरों की संख्याओं से संबंधित अवधारणाओं को उजागर करने में मदद की, संपूर्ण दिन को सही तरीके और व्यवस्थित रूप से उपयोग करना, आनंदमय वातावरण के साथ पुस्तक को सम्पन्न किया गया।

• इन्दौर के बहाई मित्र के सहयोग से उज्जैन समुदाय में स्थानीय आध्यात्मिक सभा के

शेष पृष्ठ 4 पर

पंजाब क्षेत्र की स्थानीय आध्यात्मिक सभाओं के सदस्यों की बैठक

पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू–कश्मीर परिषद की ओर से स्थानीय आध्यात्मिक सभा के सदस्यों के लिए 23 से 25 अगस्त, 2024 तक दिल्ली के बहाई उपासना मंदिर के परिसर में एक प्रशासनिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में दस स्थानीय आध्यात्मिक सभाओं और तीन सहायक मण्डल सदस्यों सहित लगभग 65 मित्रों ने प्रतिभागिता की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य स्थानीय आध्यात्मिक सभा को गतिविधियों का स्वामित्व लेने में सशक्त बनाना और स्थानीय आध्यात्मिक सभाओं को विश्व न्याय मंदिर के 30 दिसम्बर, 2021 के संदेश के माध्यम से नौ वर्षीय योजना को समझने में मदद करना था। इस सभा के बाद, मित्र अपने–अपने समूहों की सेवा करने के लिए बहुत उत्साहित और दृढ़ थे। अपने–अपने क्लस्टरों की सेवा के लिए स्थानीय सभा के सदस्यों की प्रतिबद्धता और प्रसन्नता की भावना को देखकर, यह दृढ़ता से महसूस किया गया कि वर्ष में एक बार बहाई उपासना मंदिर के परिसर की गहरी समझ और नई अंतर्दृष्टि प्राप्त हो सके, जो बदले में सदस्यों को सर्वोत्तम संभव तरीके से समुदाय की सेवा करने में मदद करती है। इसके लिए राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा क्षेत्रीय बहाई परिषद की भी सहायता करेगी। वह चाहती हैं कि हमारा क्षेत्र विकास प्रक्रिया को तेज गति से आगे बढ़ाए। परिषद के सचिव ने राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा की महासचिव को क्षेत्र में आयोजित सभी संस्थान और अन्य गतिविधियों की एक संक्षिप्त रिपोर्ट और क्षेत्र के लिए नौ वर्षों के लिए निर्धारित लक्ष्य प्रस्तुत किया। इसके बाद स्थानीय आध्यात्मिक सभा के प्रत्येक सचिव ने अपने–अपने क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों के बारे में भी बताया।

सलाहकार ने स्थानीय आध्यात्मिक सभा की कुछ उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि बहाई संस्था में सेवा करना एक महान विशेषाधिकार है और अब्दुल–बहा ने सही मायने में सेवा को परिभाषित किया है। उन्होंने रिज़वान 2024 के संदेश के बारे में



बहाई उपासना मंदिर में आयोजित बैठक में भाग लेने वाले मित्रगण

में ऐसी बैठक होनी चाहिए। इस बैठक में सभी मित्रों को सलाहकार महोदय से मार्गदर्शन और प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के अंतिम दिन राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा की महासचिव भी उपस्थित रहीं। उन्होंने स्थानीय आध्यात्मिक सभा की दिव्य संस्था के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि स्थानीय आध्यात्मिक सभा का सदस्य होना और समुदाय की सेवा करना अपने आप में एक बड़ा सौभाग्य है। उन्होंने दोहराया कि परिषद को स्थानीय आध्यात्मिक सभा के सदस्यों के लिए वर्ष में एक बार उपासना मंदिर में इस तरह की बैठक की योजना बनाने की आवश्यकता है, ताकि प्रभुधर्म बात की और समझाया कि जैसे–जैसे दुनिया की परिस्थितियाँ "अधिक निराशाजनक" होती जा रही हैं और "विभाजन अधिक गंभीर होते जा रहे हैं", बहाई समुदाय को ऐसे समुदायों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए "जो निराशा के स्थान पर आशा और संघर्ष के स्थान पर एकता प्रदान करें।"

सत्र के अंत में, दक्षिण एशिया के लिए हुकूकुल्लाह के क्षेत्रीय न्यासी मण्डल के सदस्य से मिलने का सौभाग्य मिला, जिन्होंने इस धरती पर हुकूकुल्लाह के महत्वपूर्ण विधान 'ईश्वर का अधिकार' के बारे में बात की और समझाया।

बहाई विवाह



श्री आशीष यादव सुपुत्र श्रीमती स्नेहलता तथा डॉ. आर. एस. यादव और सुश्री नीलम (रोशनी) सुपुत्री श्रीमती प्रेमा देवी तथा श्री शिव दास का विवाह 9 जुलाई, 2024 को बहाई विधिविधान के अनुसार सम्पन्न हुआ।



चंडीगढ़ के डॉ. आरोन सरवाल और पंजाब के होशियारपुर के दसूया की डॉ. क्रीना का विवाह 10 अगस्त, 2024 को बहाई विधिविधान के अनुसार सम्पन्न हुआ।

ओडिशा में आयोजित गतिविधियाँ

पृष्ठ 1 का शेष

संबंधों को बढ़ाने के लिए, ओडिशा के बहाई समुदाय के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 18 जुलाई को राज्य सचिवालय में नवनियुक्त मुख्य सचिव श्री मनोज आहूजा, आईएएस से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें अपने समुदाय निर्माण प्रयासों के बारे में जानकारी दी और अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं पर जोर दिया। बैठक के दौरान, बहाई मित्रों ने श्री आहूजा को बहाई साहित्य और फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। श्री मनोज आहूजा ने बहाईयों से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की और शिकायतों को दूर करने का आश्वासन दिया।



बहाई प्रतिनिधिमंडल ओडिशा के मुख्य सचिव के साथ

झारखण्ड की गतिविधियों की झलक

• जमशेदपुर बहाई केंद्र में राज्यस्तरीय क्लस्टर विकास सहयोगी बैठक 26 एवं 27 जुलाई, 2024 को सम्पन्न हुई। इस बैठक में कुल 13 मित्र शामिल हुए, जिसमें पाँच क्लस्टर सहयोगी, दो क्लस्टर विकास समिति के सदस्य, दो उप क्षेत्रीय सहयोगी, परिषद सचिव और तीन सहायक मण्डल सदस्य शामिल थे। इस बैठक में गत दिनों में समुदायों में किए गए प्रयासों की समीक्षा, वार्षिक एवं तिमाही योजना की समीक्षा, समीक्षा बैठकों, प्रार्थना सभाओं, पारिवारिक प्रार्थना सभा समूह, क्लस्टर विकास समिति के कार्य इत्यादि विषयों की नियमितता एवं महत्व पर गहनता से परामर्श एवं अध्ययन किया गया। इन विभिन्न विषयों के संदर्भ में अधिक से अधिक ज्ञान और समझ को बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व न्याय मंदिर के संदेशों के अंशो का अध्ययन, पुस्तक एक से कुछ भागों का अध्ययन और पुस्तक 10 की तीसरी इकाई से विकास समिति के कार्यों और महत्व के बारे में पढ़ा और समझा। बैठक के आरम्भ में रिज़वान 2024 संदेश का सामूहिक अध्ययन किया गया और इसमें निहित निर्देशों और उद्देश्य की महत्वता को रेखांकित करते हुए उसके अनुसार समुदाय में कार्य करने की योजना में शामिल किया गया। उसके बाद वार्षिक योजना की समीक्षा की गई कि बनाई गई योजना के आधार पर अभी पाँच महीनों में कितने की प्राप्ति हुई है। इसकी समीक्षा के बाद यह पाया गया कि बनाई गई योजना का अभी तक लगभग 20 प्रतिशत की ही प्राप्ति हुई है। आगामी बैठक तक इसे और कैसे बढ़ाया जाए उसकी रणनीतियाँ बनाई गईं। सहायक मण्डल सदस्यों की उपस्थिति में समीक्षा बैठकों और क्षेत्रीय समिति के कार्यों के महत्व पर परामर्श किया गया।



राज्य स्तरीय क्लस्टर विकास सहयोगी बैठक में भाग लेने वाले प्रतिभागी



पारिवारिक प्रार्थना सभा समूहों की एक झलक

• झारखण्ड में भक्तिमय वातावरण को और सुव्यवस्थित

शेष पृष्ठ 4 पर

Regd. No. DELHIN / 1966 / 04204
Delhi P.S.O.

Delhi Postal Regd No. DL (ND) 11/6036/2024-25-26

देवलाली की गतिविधियाँ

• महाराष्ट्र में नासिक लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद श्री राजाभाऊ वाजे से देवलाली के दल ने भेंटवार्ता की। सांसद का सत्कार करने के उपरांत उनसे वार्तालाप की, उनके साथ बहाई धर्म और संस्थाओं की भूमिका और उनके कार्य पर परामर्श किया गया। उनके साथ आने वाले दिनों में बैठक पर चर्चा की गई।



नासिक के माननीय सांसद से भेट करते हुए बहाई मित्रगण

• देवलाली बहाई भवन में स्थानीय आध्यात्मिक सभा देवलाली और क्लस्टर संस्थान दल के संयुक्त परामर्श से युवा माताओं के लिए सम्मेलन सम्पन्न हुआ। बहाई बच्चों की नैतिक कक्षाओं में प्रतिभागिता करने वाले बच्चों की माताओं को सम्मेलन में आमंत्रित किया गया। इस सम्मेलन में युवा माताओं के साथ विश्व न्याय मंदिर के 26 नवंबर, 2018 के संदेश और 'अनमोल रत्न पुस्तिका' का अध्ययन किया गया। साथ ही, उनके साथ एक संवाद की योजना बनाई गई, जो इंटेक अभियान के माध्यम से की जाएगी और बच्चों की आध्यात्मिक शिक्षा और युवा माताओं ने अपने समुदाय में अपने बच्चों को शिक्षा का समर्थन करने के लिए कैसे प्रोत्साहित किया, इस पर भी चर्चा की गई। इस सभा में 22 युवा माताओं ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। कार्यक्रम के अंत में, सभी युवा माताओं ने सहकारिता के खेल खेले। इस कार्यक्रम में स्थानीय आध्यात्मिक सभा के पांच सदस्य भी उपस्थित थे।



युवा माताओं के लिए आयोजित सम्मेलन में भाग लेने वाली माताएँ

निवेदन

प्रिय मित्रों, अपने समुदायसमूह में होने वाली मूल गतिविधियों की रिपोर्ट तथा प्रेरणादायक घटनायें फोटोग्राफ के साथ हमें समय–समय पर भेजते रहें, जिससे की हम उन्हें बहाई समाचार में प्रकाशित कर सकें। ***धन्यवाद!***

झारखण्ड की गतिविधियों की झलक

पृष्ठ 1 का शेष

बनाये रखने के उद्देश्य से पारिवारिक प्रार्थना सभा समूह की नियमितता और महत्व की दिशा में प्रतिदिन स्थानीय मित्रों द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इसके साझा उद्देश्य को स्थापित करने के प्रबल उद्देश्य से पटमदा, धालभूमगढ़, जमशेदपुर में पारिवारिक प्रार्थना सभा समूहों का आयोजन किया गया। जो क्रमशः 30 जुलाई, 14 अगस्त, 19 अगस्त और 25 अगस्त को किया गया। राज्य स्तरीय सहयोगी और संयोजकों की बैठक में हुए परामर्श के आधार पर पारिवारिक प्रार्थना सभा समूहों की दिशा में प्रयास किया गया। इन पारिवारिक प्रार्थना सभा समूहों में कम से कम पाँच परिवार शामिल हुए। इन बैठकों में प्रार्थनाएँ, पवित्र लेखों का अध्ययन, पारिवारिक प्रार्थना सभा समूहों का महत्व, रिज़वान 2024 संदेश का अध्ययन जैसे विषयों पर गहनता से परामर्श हुआ। राज्य में लगभग कुल 74 पारिवारिक प्रार्थना सभा समूह संचालित की जा रही हैं जिनको नियमित करने और इसकी संख्या में बढ़ोतरी हेतु शिक्षण समिति और क्लस्टर सहयोगी मिलकर परामर्श और कार्य कर रहे हैं। एक और महत्वपूर्ण विषय जिस पर विशेष रूप से इन बैठकों में बातचीत हुई वो थी बहाई कोष में दान देने का सौभाग्य। बिहारशरीफ में निर्माणाधीन स्थानीय बहाई उपासना गृह हेतु दान एकत्रित करने एवं अधिक से अधिक मित्रों को शामिल करने पर गहन चिंतन–मनन किया गया। प्रत्येक आत्मा के आध्यात्मिक उत्थान हेतु इस पुनीत कार्य से जोड़ने के लिए रणनीतियाँ भी तैयार की गईं। इसी प्रकार दिन–प्रतिदिन प्रत्येक स्थान में स्थानीय मित्रों के सहयोग से पारिवारिक भक्तिपरक सभाओं को संचालित किया जा रहा है और प्रत्येक घर को दिव्य सुरभि का केंद्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश की गतिविधियाँ

पृष्ठ 2 का शेष

सदस्यों और कुछ समुदाय के अन्य मित्रों के साथ बहाई कोष के महत्व पर एक दिवसीय दृढ़ीकरण कार्यक्रम



बहाई कोष पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल मित्रगण

का आयोजन किया गया, जिसमें बहाई कोष के बारे में कई महत्वपूर्ण अवधारणाओं को समझा गया। साथ ही, बिहारशरीफ में बन रहे स्थानीय बहाई उपासना गृह के निर्माण कार्य में सहयोग करने हेतु कुछ इकाईयों को निर्धारित करने पर भी गहन परामर्श किया गया।

कुल पृष्ठ संख्या–4

बहाई समाचारपत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित फार्म – 4, नियम 8

समाचार का नाम : बहाई समाचारपत्र
रजि नं. : DELHIN / 1966 / 4204
डी.एल. DL (ND) 11/6036/2024-25-26
प्रकाशक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
(बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1)
प्रकाशन स्थान : बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1

मुद्रक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1
मुद्रण स्थान : श्री मंगलम प्रिंटर्स, एफ–25, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़–1, नई दिल्ली–110020
उन व्यक्तियों के नाम जो समाचारपत्र स्वामी हों : राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा को इसका स्वामित्व प्राप्त है, जो सोसायटीज़ एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है।

Licenced to post
Posted at DPSO
Delhi on 10/11.09.2024
Sender's Address:
6, Shrimant Madhavrao Scindia Marg.
New Delhi - 110 001 - INDIA

सुशील कुमार द्वारा संपादित, प्रकाशित और मुद्रित समाचारपत्र का स्वामित्व राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा को प्राप्त है, जो सोसायटीज़ एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है।
बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–110001,
मुद्रण : श्री मंगलम प्रिंटर्स, एफ–25, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़–1, नई दिल्ली–110 020 (सुशील कुमार : सम्पादक एवं प्रकाशक)